MATS UNIVERSITY
NAAC Accredited
Recognised By UGC, New Delhi
Member Of AIU, New Delhi
www.matsuniversity.ac.in
Raipur

Vishwa Yuvak Kendra
(A Unit of Indian Youth Centres Trust)
Empowering Youth for Sustainable Development
www.vykonline.org

Celebrating Diamond Jubilee

Jointly Organize a National Webinar
On the Occasion of

Thursday
12 August 2021

2:00 PM
4:00 PM

International Youth Day 2021

Register Now

"Transforming Food Systems: Youth Innovation for Human and Planetary Health"

Certificates will be given to the Registered participants who will fill the feedback form.

Registration Form Link
https://forms.gle/62pUHWExbBi6y9G77

For mobile
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.microsoft.teams

For PC
https://www.microsoft.com/en-in/microsoft-teams/download-app

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैट्स यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय वेबीनार सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। युवा देश के भविष्य के भी निर्माणकर्ता होते हैं। देश के विकास का सशक्त आधार युवा वर्ग होता है। उपर्युक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग एवं विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

यह राष्ट्रीय वेबीनार 'खान पान में बदलाव: मानव एवं पर्यावरण के सशक्तिकरण में युवा नवाचार' विषय पर आयोजित किया गया। वेबीनार में मुख्य वक्ता विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के मुख्य नियंत्रक श्री उदय शंकर सिंह, विशिष्ट वक्ता विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारी श्री अजीत कुमार राय और विषय विशेषज्ञ के रूप में डायटीशियन मनवित कोहली ऑनलाइन उपस्थित थीं। मुख्य वक्ता श्री उदय शंकर सिंह ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर ही निर्भर करता है। युवा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। उन्होने कहा कि व्यवहार ही हमारी पूंजी है। पश्चिमी संस्कृति के कारण आज भारत की कला और संस्कृति में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं। श्री सिंह ने कहा कि संतुलित आहार लेने से युवा पीढ़ी शक्ति सम्पन्न होंगे और आदर्श व्यवहार की क्रांति पूरे विश्व में प्रसारित करेंगे।

डायटीशियन मनवित कोहली ने भोजन के मन पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जैसा भोजन हम लेते हैं वैसे ही विचार आते हैं। सुश्री कोहली ने बताया कि संतुलित आहार, नियमित मेडिटेशन और व्यायाम से युवा पीढ़ी भारत के भविष्य निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वेबीनार के विशिष्ट वक्ता श्री अजीत कुमार राय ने कहा कि युवाओं को साथ लेकर प्रकृति के साथ आवश्यक समंजस्य बैठाने की आवश्यकता है।

मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने कहा कि विश्व में भारत युवाओं के मामले में पांचवे स्थान पर है। जहां बढ़ती जनसंख्या से उपजी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसका हल युवा वर्ग ही निकाल सकता है। उन्होने युवाओं को आह्वान करते हुये कहा कि आज का युवा ही राष्ट्र का निर्माणकर्ता हैं। वे सजग होकर अपने कार्यों का निर्वहन करें। इसी कड़ी में प्रो. यादव ने बताया कि मैट्स यूनिवर्सिटी ने गरीब बच्चों के शिक्षा के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस मौके पर उन्होने युवाओं की डाइटिंग समस्या और स्ट्रीट फूड पर भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण कुमार तिवारी ने किया। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ, कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं को शुभकामनाएँ दीं। आभार प्रदर्शन डॉ. परविंदर कौर ने किया। कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने में आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव और सहायक प्राध्यापक अमित कुमार साहू, वैभव शर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, देश के विभिन्न राज्यों की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, शोधार्थी और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।